02

स्वच्छता सार्वजनिक स्थानों पर अभियान चलाकर कर रहे लोगों को जागरूक.....

आज समाज

www.aajsamaaj.com

वार, 03 मार्च,2022 राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र शव

# इंटर यूनिवर्सिटी तीरंदाजी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया श्रेष्ठ प्रदर्शन

**आज समाज नेटवर्क**

**बल्लभगढ़।** विद्या और खेल जगत में अपना लोहा मनवाने वाले अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में आज खुशी का माहौल रहा। गत 24 से 28 फरवरी तक चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय, मोहाली में आयोजित ऑल इण्डिया इंटर यूनिवर्सिटी तीरंदाजी प्रतियोगिता में महाविद्यालय के खिलाडि?ों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में देश के अनेक विश्वविद्यालयों के खिलाडि?ों ने भाग लिया। अग्रवाल महाविद्यालय के खिलाडि?ों ने महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतियोगिता के कम्पाउंड राउण्ड टीम मे दमदार प्रदर्शन दिखाते हुए, विकास राजपूत एम.ए. प्रथमवर्ष, तरुण दीक्षित बीए तृतीय वर्ष, विकास डागर एमए प्रथम वर्ष ने कास्य पदक अपने नाम किया। इसी प्रतियोगिता के कंपाउंड राउंड में व्यक्तिगत रूप से कास्य पदक पर विकास राजपूत एमए प्रथमवर्ष ने कब्जा किया। इसी प्रतियोगित के रिकर्व राउंड में व्यक्तिगत रूप से विक्की हुड्डा एमएससी द्वितीय वर्ष ने कास्य पदक अपने नाम किया। सभी खिलाडि?ों विकास राजपूत, तरुण दीक्षित, विकास डागर, विक्की हुड्डा तथा साथ ही रितिका यादव का भारत सरकार खेल विभाग द्वारा आयोजित खेलो इंडिया में चयन हुआ हैं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी ने खिलाडियों का स्वागत किया व बधाई देते हुए सदैव प्रयासरत व संघर्षरत रहने को विजय की कुंजी बताया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता, खेल-कूद संयोजक डॉ केएल कौशिक, कमल टंडन, डॉ अशोक निराला, डॉ गीता गुप्ता, डॉ सारिका, डॉ पूजा सैनी व शारीरिक शिक्षा विभाग से डॉ जगवीर सिंह व मोहित हुड्डा, कोच हरकेश उपस्थित रहें।